# ह्यूमिडफायर बॉटल फटने से अस्पताल में मची भगदड़

## कोई हताहत नहीं, स्टोर कीपर मामूली तौर पर चोटिल

नवभारत न्यूज

**सतना 19 अगस्त. जिले के कोठी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को मौजूद लोगों के बीच अचानक उस वक्त भगदड़ मच गई जब उन्हें छोटे से धमाके की आवाज सुनाई दी. इतना ही नहीं बल्कि देखते ही देखते आक्सीजन सिलेंडर के फट जाने की अफवाह भी तेजी से फैलने लगी. यह तो गनीमत रही कि उक्त घटना के चलते कोई हाताहत नहीं हुआ. दरअसल आक्सीजन सिलेंडर के ऊपर लगी ह्यूमिडफायर बॉटल के फटने की आवाज सुनकर लोगों के बीच यह गलतफहमी फैल गई.**

सामुदायिसक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में एक ओर जहां ग्राउंड फ्लोर पर काफी संख्या में ओपीडी के मरीज पहुंचे हुए थे. वहीं दूसरी ओर प्रथम तल पर स्थित वार्ड में कई मरीज भर्ती भी थे. सब कुछ सामान्य ही था कि अचानक ही स्वास्थ्य केंद्र के प्रथम तल से छोटे से धमाके की आवाज सुनाई दी.



धमाके की आवाज सुनते ही प्रथम तल से लेकर भूतल हर जगह मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई. अधिकांश लोग बिना कुछ सोचे समझे नीचे की ओर भागने लगे. आलम यह रहा कि लोगों को भागते हुए अस्पताल से बाहर निकलता देख बाहर मौजूद लोग भी दूर भागने लगे. इसी कड़ी में लोग बदहवासी की हालीत में यह कहते भी देखे गए कि अस्पताल के अंदर आक्सीजन सिलेडर में ब्लास्ट हो गया है. जिसके चलते काफी देर तक सनसनी की स्थिति बनी रही, और लोग अपने अपने परिजनों की खोज खबर लेने लगे. लेकिन कुछ समय बाद जब अस्पताल के अंदर से किसी तरह की अनहोनी की सूचना सामने नहीं आई तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली. इस घटना के संबंध में ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अल्का मोहिले ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी मरीज और स्टॉफ सुरक्षित रहे.

### स्टोर कीपर के हाथ में आई चोट

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में बतौर स्टोर कीपर पदस्थ संतोष यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम तल पर मौजूद एक आक्सीजन सिलेंडर जो लगभग खाली हो चुका था, वे उसका लीकेज देखने का प्रयास कर रहे थे. लेकिन आक्सीजन रिलीज होने का दबाव अचानक इतना बढ़ गया कि उसके चलते सिलेंडर के ऊपर लगी ह्यूमिडफायर बॉटल टूट गई. बॉटल के फूटे कांच का एक हिस्सा लगने के कारण उनका हाथ भी चोटिल हो गया. गौरतलब है कि आक्सीजन सिलेंडर के उपयोग के दौरान मरीज को मुंह से लेकर श्वासनली में ड्राइनेस की समस्या होती है. जिससे बचने के लिए ह्यूमिडफायर बॉटल लगाया जाता है, जो आक्सीजन में नमी को मिलाने का काम करता है.

# सूरत, कटनी और मैहर में मिलीं गुमशुदा बालिकाएं

नवभारत न्यूज

**सतना 19 अगस्त. सतना जिले के रामपुर बघेलान की एक और मैहर जिले के अमदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो बालिकाएं अचानक लापता हो गई थीं. परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लापता तीनों बालिकाओं को क्रमशः सूरत, कटनी और मैहर से बरामद कर लिया. जिसके बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया.**

रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिग बेटी के अचानक लापता हो जाने पर पिता द्वारा थाने में शिकायत की गई थी. इस मामले में पिता द्वारा यह संभावना जताई गई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को कोई बहला-फुसला कर भगा ले गया है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने बालिका की खोजबीन शुरु कर दी. इसी कड़ी में बालिका को खोज निकाला गया. बालिका ने पुलिस को बताया कि वह घूमने के लिए रामपुर बघेलान से सतना आ गई थी. जहां पर वह अपनी चचेरी बहन के घर चली गई. फिर चचेरी बहन के साथ वह सूरत में रहने वाली अपनी मौसी के यहां चली गई. बयान लिए जाने के बाद पुलिस द्वारा लड़की को परिजनों को सौंप दिया गया.

### घर पहुंची बालिकाएं

अमदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत 16 वर्षीय लड़की की गुमशुदगी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने जब खोजबीन शुरु की तो वह कटनी जिले के ग्राम सुरमा थाना कोठिला में मिली. इसी तरह की एक अन्य शिकायत पर जांच करते हुए पुलिस टीम ग्राम कुसेड़ी पहुंच गई. जहां से गुमशुदा बालिका को दस्तयाब कर लिया गया. पुलिस टीम द्वारा वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों बालिकाओं को सकुशल उनके परिजनों को सौंप दिया गया.

# विधानसभा की कृषि विकास समिति 23 को सतना आएगी

## कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां का भी निरीक्षण करने पहुंचेगी

नवभारत न्यूज

**सतना 19 अगस्त. म.प्र. विधानसभा की कृषि विकास समिति का रीवा संभाग का अध्ययन दौरा 20 से 24 अगस्त तक प्रस्तावित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कृषि विकास समिति 21 अगस्त को मैहर आयेंगी तथा शाम को रीवा पहुंचकर विश्राम करेंगी।**

यह समिति 22 अगस्त को रीवा से प्रस्थान कर रात्रि 8.30 बजे चित्रकूट पहुंचेगी और रात्रि विश्राम करेंगी। अध्ययन भ्रमण के लिए आ रही विधानसभा की कृषि विकास समति 23 अगस्त को चित्रकूट में कामतानाथ स्वामी के दर्शन एवं दीनदयाल शोध संस्थान सहित कृषि विज्ञान मझगवां का भ्रमण करेंगी। विधानसभा की समिति 23 अगस्त को रात्रि 8 बजे सतना आकर 8.55 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल रवाना होगी।

विधानसभा की कृषि विकास समति में सभापति दिलीप सिंह परिहार सहित नरेन्द्र सिंह कुशवाह, सुशील कुमार तिवारी (इंदू भैया), सचिन बिरला, उमाकांत शर्मा, नरेन्द्र प्रजापति, संतोष बरकडे, श्रीकांत चतुर्वेदी, सचिन सुभाषचन्द्र यादव, साहब सिंह गुर्जर और भैरो सिंह बापू सदस्य के रूप में शामिल है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने वन मंडलाधिकारी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, ऊर्जा, आयुक्त सहकारिता, परियोजना संचालक आत्मा, उप संचालक कृषि, पशु, चिकित्सा, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सचिव मण्डी जिला विपणन अधिकारी एवं सीईओ केन्द्रीय सहकारी बैंक को विभागीय संचालित गतिविधियों एवं क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी सहित 23 अगस्त को दीनदयाल शोध संस्थान में आयोजित होनी वाली समीक्षा बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक कल

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 21 अगस्त को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं नगर परिषद नागौद एवं बिरसिंहपुर की आईडीएचएमटी योजनांतर्गत निविदा समिति की परियोजना स्वीकृति के संबंध में समीक्षा की जायेगी। अपर कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण विकास सिंह ने बैठक में आयुक्त नगर पालिक निगम सतना, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# केन्द्रीय जेल में बंदियों ने किया ध्यान का अभ्यास

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 अगस्त. जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा के मार्गदर्शन में मोहन जी फाउण्डेशन के तत्वाधान में स्वयंप्रभा गांगुली व अन्य सदस्यों द्वारा केन्द्रीय जेल सतना के बंदियों को मेडिटेशन (ध्यान) का अभ्यास कराया।**



ध्यान व्यक्ति के जीवन में शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिये अति आवश्यक हैं यदि प्रतिदिन सिर्फ 15 से 20 मिनिट ध्यान का अभ्यास किया जाये तो निश्चित ही व्यर्थ के कुविचारों, व्यर्थ की चिंताओं, कष्टों को दूर किया जा सकता है। मंगलवार के ध्यान सत्र में सांस लेने व छोड़ने के व्यवस्थित तरीके का अभ्यास कराया गया। व्यक्ति के मन-मस्तिष्क में जितने दुख रूपी बादल है। उन्हें शरीर से बाहर निकालने का तरीका बताया गया। गोल्डन लाईट की कल्पनाकर उसे अपने अन्दर समाहित करना व उसके बाद काले बादल रूपी कष्टों तनावों को बाहर निकालना ध्यान के माध्यम से सिखाया गया। तात्पर्य शरीर के प्रत्येक अंग में सकारात्मक ऊर्जा को भरना व नकारात्मक ऊर्जा को बाहर निकालना इस ध्यान का उद्देश्य है। इस ध्यान से न केवल मनुष्य अपनी सोच बदल सकता है। बल्कि अपने आस-पास के माहौल को भी बदल सकता है। मोहन जी फाउण्डेशन की श्रीमती स्वयंप्रभा गांगुली द्वारा ध्यान अभ्यास करावा गया व उसके लाभ बताये गये। इसी संस्था से प्रशांत, रामयश, तरूण मैथी, सुधा गांगुली उपस्थित रही।

जेल स्टॉफ से जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा, जेल उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, जेल उप अधीक्षक सोनबीर सिंह कुशवाह, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक अभिमन्यु पाण्डेय, अष्टकोण अधिकारी फिरोजा खातून, जेल स्टॉफ व बंदीगण उपस्थित रहे।

# ननि की जनसुनवाई में पहुंचीं 35 शिकायतें

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 अगस्त. राज्य शासन निर्देशानुसार नगर पालिक निगम सतना में मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम बड़े मीटिंग हॉल में आयोजित हुआ।**



जनसुनवाई के अवसर योगेश ताम्रकार महापौर नगर पालिक निगम सतना एवं सत्यम मिश्रा उपायुक्त (वित्त) नगर पालिक निगम उपस्थित रहे। जन-सुनवाई में 35 आवेदन प्राप्त हुए। विभागवार जानकारी के अनुसार जनकल्याणकारी योजना से संबंधित 03 आवेदन, सड़क प्रकाश व्यवस्था से संबंधित 01 आवेदन, सम्पत्ति कर संबंधित 01 आवेदन, साफ-सफाई से संबंधित 01 आवेदन, अतिक्रमण से संबंधित 08 आवेदन, पेयजल से संबंधित 07 आवेदन, विकास कार्य से संबंधित 06 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 08 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटन, आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों, अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। महापौर द्वारा शहरवासियों को अवगत कराया गया है कि यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को पुन: आहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है। ताकि शहरवासियों की जनसुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।

# झांसी के गांव मिली नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

## घर से 6 महीने पहले हुई थी लापता

नवभारत न्यूज

**सतना 19 अगस्त. नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले जाने, उसे झांसी उप्र के एक गांव में बंधक बनाकर रखने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस टीम ने छतरपुर से दबोच लिया. बालिका की तलाश करते हुए जब पुलिस टीम ने उसे झांसी से दस्तयाब किया, तब उसके साथ हुई घटना की जानकारी सामने आई.**



मैहर जिले के रामनगर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 फरवरी को फरियादी मां ने अपनी नाबालिग बेटी के लापता हो जाने की शिकायत की गई थी. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर तलाश की गई लेकिन नाबालिग के बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिल सकी. इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित करते हुए झांसी रवाना कर दिया गया. जहां के समथर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम साकिन में नाबालिग को दस्तयाब कर लिया गया.

लड़की ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि ग्राम बरयापुरा जिला छतरपुर निवासी मूलचंद्र जाटव पिता हरिशंकर उसे बहला फुसला कर अपने साथ ले गया था. झांसी के एक गांव में अपने साथ रखने के दौरान मूलचंद्र उसके साथ दुष्कर्म करता रहा. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा आरोपी मूलचंद्र के विरुद्ध विभिन्न धाराओं सहित पाक्सो एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया.

# शारदा प्रिज्म लेडीज क्लब ने मनाया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 अगस्त. शारदा प्रिज्म जॉनसन लेडीज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सिंह के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को संयुक्त रूप से हर्षोल्लास के साथ के साथ मनाया गया। देशभक्ति एवं कृष्ण भक्ति के गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोह लिया।**



इस अवसर पर आरती की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और एक से बढकर एक सुंदर थालियां सजाई। इस प्रतियोगिता को श्रीमती रितिका हिंगर और श्री राकेश रंजन मिश्रा ने जज किया जिसमें प्रथम श्रीमती वरुणा सिंह, द्वितीय श्रीमती कल्पना सिंह परिहार और तृतीय स्थान श्रीमती नेहा गुप्ता ने प्राप्त किया। उपरोक्त जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम सीएसआर एंड जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

# तीन चरणों में होगी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 अगस्त. विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शोध प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है।**

विद्यार्थी विज्ञान मंथन के जिला समन्वयक डॉ रामानुज पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन तीन स्तरों पर होगा विद्यालय स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर। परीक्षा प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठ स्वरूप का रहेगा। इसमें 40 प्रतिशत प्रश्न भारतीय ज्ञान-विज्ञान परंपरा एवं महापुरुषों के जीवन से और 60 प्रतिशत प्रश्न सामान्य विज्ञान एवं तार्किक आधार से संबंधित होंगे इस वर्ष के वैज्ञानिक भारत के आइंस्टीन कहे जाने वाले सत्येंद्र नाथ बोस के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित होगी। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को ?2000 की मासिक भास्कर छात्रवृत्ति राशि स्वरूप दी जाएगी साथ ही देश के ख्यातिलब्ध वैज्ञानिकों से मिलवाया जाएगा.

# आत्म शुद्धि का महापर्व पर्युषण आज से

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 अगस्त.श्री श्वेताम्बर जैन धर्मावलम्बीओं के सबसे ब? पर्व पयुर्षण महापर्व 20 अगस्त से प्रारम्भ हो रहे है।**

श्री श्वेताम्बर जैन संघ ट्रस्ट के प्रचार प्रमुख संदीप कुमार जैन ने बताया कि 8 दिवसीय आत्म शुद्धि का यह महापर्व 20 से 27 अगस्त तक चलेगा एवं 28 अगस्त को सामूहिक क्षमापना कार्यक्रम होगा। प.पू. मुनि श्री क्षमाशेखर जी म.सा., मुनी श्री हेमशेखर जी म.सा., मुनि श्री ह्रीं शेखर जी म. सा. मुनी श्री हेतशेखर जी म.सा. एवं मुनि हेतांशशेखर जी म.सा. चातुर्मास हेतु श्री ऋषभ अभयदेव जैन भवन में विराजमान हैं।

पयुर्षण महापर्व में प्रतिदिन प्रात: 9:30 बजे से प्रवचन ऋषभ अभयदेव जैन भवन में होगे और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान एवं कार्यक्रम श्री आदिनाथ जिनालय गांधी चौक में सम्पन्न होंगे। श्री श्वेताम्बर जैन संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक वोरा, मंत्री राजेश कुमार जैन ने समाज के सभी लोगो से कार्यक्रमों मे उपस्थित रहकर धर्म लाभ ग्रहण करने अपील की है।

# वसुधैव कुटुम्बकम् भारतीय मनीषा की सर्वोपरि अभिव्यजंना : डॉ . राय

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 अगस्त. उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में ''वसुधैव कुटम्बकम की भारतीय अवधारणा'' विषय पर व्याख्यान, पोस्टर प्रतियोगिता तथा भारतीय लोक संस्कृति पर आधारित संगीत प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ।**



संगोष्ठी के मुख्यवक्ता डॉ. सुरेष प्रताप सिंह ने अपन उद्बोधन मे कहा कि भारत की सास्कृतिक अवधारणा वसुधैव कुटुम्बकम में वर्तमान विष्व की सभी विचारमूलक समस्याओं का समाधान उपलब्ध है। एकता के अनेक सूत्र एवं मंत्रांष हमारे ग्रंथों में विद्यान है। वसुधैव कुटुम्बकम मूलत: भारतीय अवधारणा है, जिसे पाष्चात्य जगत ने वैष्वीकरण के रूप में स्वीकारा है। संगोष्ठी के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. एस.सी. राय ने अपने उद्बोधन में व्यक्त किया कि वसुधैव कुटुम्बकम एक दर्षानिक अवधारणा है जो हमारे वेदों, उपनिषदों एवं शास्त्रों मे उदार ह्दय की सर्वोपरि चेतना बनकर मुखर हुई है। कार्यक्रम का आरम्भ माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और वैदिक मंगलाचरण से हुआ। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनोज सिन्हा प्राध्यापक अंग्रेजी ने किया। कार्यक्रम का सचालन डॉ. सुनीता गुप्ता सहायक प्राध्यापक इतिहास के द्वारा किया गया। वैदिक मंगलाचरण डॉ. विद्याप्रकाष सिंह सहायक प्राध्यापक संस्कृत ने किया। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा के नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, डॉ. अखिलेषमणि त्रिपाठी प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र, डॉ. राजेष गर्ग प्राध्यापक वनस्पतिषास्त्र, डॉ. जे.पी. शर्मा प्राध्यापक हिन्दी, महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा प्रभुत्व संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

### छात्रों ने की पोस्टर तथा लोकगीत प्रतियोगिता में प्रतिभागिता

उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार ''विष्व शांति एवं सौहार्द'' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं भारतीय लोक संस्कृत पर आधारित लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में सहर बानो, पूजा सिंह, षिखा मिश्रा, कृष्णां आप्ति तथा निषा साकेत ने प्रतिभाग किया। लोकगीत प्रतियोगिता में षिवानी साकेत प्रथम, खुषी पाण्डेय द्वितीय एवं षिखा मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# गया के लिए चलेगी पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन

## सतना और मैहर में होगा स्टॉपेज

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 अगस्त. पितृपक्ष पर यात्रियों के लिए विशेष सुविधा को ध्यान में रखते हुए रानी कमलापति से गया के लिए पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन चलेगी। यह ट्रेन सतना और मैहर में भी रुकेगी।**

पितृपक्ष के पावन अवसर पर गया में पिंडदान एवं तर्पण हेतु बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा रानी कमलापति-गया-रानी कमलापति के मध्य विशेष स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इस सुविधा से श्रद्धालुओं को अपनी यात्रा के दौरान सुगमता एवं सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध होगा। गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति गया पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन 07 सितम्बर, 12 सितम्बर एवं 17 सितम्बर को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 13.20 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन प्रात: 09.30 गया पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01662 गया रानी कमलापति पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन 10 सितम्बर, 15 सितम्बर एवं 20 सितम्बर 2025 को गया स्टेशन से अपराह्न 14.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन पूर्वान्ह 10.45 बजे रानी कमलापति पहुँचेगी।

## एक नजर में



### बालक आदित्य भूषण के अभिनय की सराहना

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा भारत भवन भोपाल में आयोजित हिन्दी का प्रथम नाटक आनंद रघुनन्दन नाटक का बघेली बोली में मंचन हुआ। जिसे दो सौ वर्ष पूर्व रीवा के महाराजा विश्वनाथ सिंह ने लिखा था। इस कार्यक्रम में आकर रंगमंच सतना द्वारा प्रस्तुति दी गई एवं राजेंद्र नगर सतना के 11 वर्षीय बालक आदित्य भूषण ढाकरिया द्वारा अंगद के पात्र की भूमिका प्रभावशाली रूप से निभाई गई, देश के ख्यातिप्राप्त कलाकारों द्वारा आदित्य के अभिनय की सराहना की गई। इसके पूर्व भी आदित्य मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव में दतिया में विक्रमदित्य नाटक के मंचन में भूमिका निभा चुका है।

### डिफेंस काउंसिल सिस्टम के पदों पर आवेदन 15 तक

**सतना.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पार्थ शंकर मिश्र ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना के अंतर्गत पूर्णकालिक संविदा आधार पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम के लिए एक पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के 2 पद तथा असिस्टेंट चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के 2 पद भरे जाने है। इनमें चीफ लीगल एड डिफेंस के लिए न्यूनतम 10 वर्ष, डिप्टी चीफ के लिए 7 वर्ष तथा असिस्टेंट चीफ लीगल एड डिफेंस के लिए 0 से 3 वर्ष का वकालत का अनुभव जरूरी होगा।

### बीरु ने किया ग्राम सर्म्पक

**सतना.** भारतीय जनता पार्टी, अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एडवोकेट बीरेंद्र सिंह बीरु विधानसभा क्षेत्र रैगांव में एक सप्ताह से निरंतर दौड़ा कर स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हो रहे हैं । अभी उनका दौड़ा कोठी मंडल के ग्राम पंचायतों में हो रही है वर्षा ऋतु होने के बाबजूद भी खराब हैंड पम्प के कारण पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। इस क्षेत्र में अनेक पंचायतें बहुत बड़ी है जैसे ग्राम पंचायत मौहार,दिरौध, झाली, बरहना, चोराबरी एवं कंचनपुर जैसी पंचायतें आदि हैं।



### कलेक्टर ने सुनी 111 आवेदकों की समस्यायें

**सतना.** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 111 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक, बीके मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में महिला बाल विकास विभाग द्वारा की गई सहायिकाओं की भर्ती में गडबडी की शिकायतें, राजस्व विभाग की सीमांकन नहीं करने और सरपंच के सजरे के आधार पर वारिसाना नामांतरण, सिंचित भूमि को असिंचित करने संबंधी शिकायतें पहुंची। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।